हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 जहां राम वही अयोध्या, जहां कृष्ण वहां है वृंदावन

12 800 यात्रियों का जत्था तिरुपति-मदुरै- ...




## खबर संक्षेप

### नशीली दवा का परिवहन दो युवकों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। नशीली दवा का परिवहन कर रहे दो युवकों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है।आरोपियों के कब्जे से नाइट्रोसुन टेबलेट बरामद किया गया है। बसना पुलिस के अनुसार खटखटी ओवरब्रिज बसना के पास आरोपी वतन डडसेना पिता लोकनाथ डडसेना (28 साल) महलपारा वार्ड नं 09 पिथौरा थाना पिथौरा एवं शहबाज खान पिता शब्बीर खान (28 साल) वार्ड नं 1 अरेकेल थाना बसना के संयुक्त कब्जे के बिना नंबर एक्टीवा स्कूटी के सीट के नीचे डिग्गी अवैध नशीली दवाई टेबलेट नाइट्रोसुन टैबलेट कुल कीमत 1462.60 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मंडी एवं फ़ूड टीम की संयुक्त कार्रवाई, 2400 कट्टा अवैध धान जब्त

महासमुंद। धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में धान खरीदी वर्ष 2025-26 में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई के निर्देश के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा नमिता मारकोले के मार्गदर्शन में आज मंडी विभाग एवं फ़ूड विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कुल 2400 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया है। इस दौरान तहसीलदार नीतिन ठाकुर भी मौजूद रहे। अवैध भंडारण और परिवहन की शिकायत मिलने पर एसडीएम ने तुरंत छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत टीम ने दबिश देकर कुल 2400 कट्टा धान को अपने कब्जे में लिया। जब्त किए गए धान की प्राथमिक जांच रिपोर्ट तैयार कर आगे की विधिक प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा सरकार की किसान हितैषी नीतियों और पारदर्शी खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जिले में इस प्रकार की निगरानी आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी।

### क्षेत्र में पड़ रही है कड़ाके की ठंड



**नर्रा**। रात का पारा गिरने से क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। अलसुबह कोहरे की चादर से अंचल ढंकी रहती है। वहीं कड़ाके की ठंड के कारण लोगों के सेहत पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणजन ठंड से बचने लकड़ी की अंगीठी से अलाव का सहारा ले रहे है। धूप लोगों को भा रही है। शाम होते ही मौसम ठंडा होते हीलोग गर्म कपड़े स्वेटर जैकेट जर्सी शाल टोपी आदि उपयोग कर रहे है।

# खेल मैदान खिलाड़ियों को सिखाता है जिंदगी के हर उतार चढ़ाव का सामना करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव समारोह स्पोर्ट्स स्टेडियम बलौदाबाजार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। समारोह में मंत्री वर्मा ने कहा कि खेल का मैदान जिंदगी के हर उतार चढ़ाव का सामना करना सिखाता है। संसद खेल महोत्सव की मदद से ग्रामीण अंचल में छुपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाकर उन्हें मंच प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब किसी संसदीय क्षेत्र में इतनी संख्या में खिलाड़ी जुट रहे हैं।सांसद अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत हार की चिंता किए बिना खेल भावना से खेलते रहना चाहिए। खेल कूद से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। खेल टीम स्पिरिट, अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अर्थात स्वस्थ भारत की परिकल्पना को मजबूती देने सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की। देश भर में इसके तहत आयोजन हो रहे हैं। युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देकर उनके बीच स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित ▶▶ शेष पेज 10 पर

## ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के समापन में शामिल हुए मंत्री टंकराम और सांसद बृजमोहन अग्रवाल



### प्रतियोगिता में विजेता पहले जिला और फिर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंग

सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 21 सितम्बर से लगभग 13 विधाओं में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पुरुष एवं महिला वर्ग एवं 9 से 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें खो-खो, कुश्ती, बालीबॉल, भारोत्तोलन,तैराकी, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, कबड्डी, गेड़ी दौड़, रस्सा -कस्सी एवं रस्सी कूद खेल में प्रतियोगिता में विजेता पहले जिला और फिर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,प्रतिभागी खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के हाथों कलेक्टर ने ग्रहण किया चेक व प्रशस्ति पत्र

# जल संचयन में बलौदाबाजार जिला प्रथम, एक करोड़ का पुरस्कार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले ने जल संचयन के क्षेत्र में बड़ी उपालब्धि हासिल की है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में मंगलवार को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जल संचय में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले को जल संचय जनभागीदारी पुरस्कार 1.0 से सम्मानित किया। पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत कैटेगरी 2 के तहत जिला बलौदाबाजार भाटापारा को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

केंद्रीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के हाथों कलेक्टर दीपक सोनी ने पुरस्कार राशि एक करोड़ का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री वी.सोमन्ना, राजभूषण चौधरी भी उपस्थित थे।

जल संचय जनभागीदारी पुरस्कार 1.0 हेतु जिले का चयन जल संचय हेतु 30927 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण करने के आधार पर किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व में जिले में जल संचय महा अभियान चलाया गया, जिसमें सोखता गड्ढा का निर्माण, जलाशय की सफाई सहित अन्य संरचना निर्माण शामिल है।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जल संचय जनभागीदारी अंतर्गत 31 मई तक कुल 35793 संरचनाओं का निर्माण किया गया है। निर्मित संरचनाओं में नवीन तालाब निर्माण, सामुदायिक डबरी, निजी डबरी, परकोलेशन टैंक, कुआं, रिचार्ज पीट, गली प्लग, चेकडेम, सोकपीट निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण, एनीकट, स्टापडेम एवं व्यपवर्तन संरचनाओं तथा नहर का जीर्णोद्धार, स्टेग्रेडेड कंटूर ट्रेंच, गेबियन स्ट्रक्चर शामिल है। इन संरचनाओं का निर्माण मनरेगा, कैम्पा, सीएसआर फंड स्टेट बजट फंड, अन्य केंद्रीय निधि अंतर्गत किया गया है।

# अलग-अलग स्थानों पर भंडारित 808 कट्टा धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कोचियों व अवैध रूप से धान भंडारण करने वालों के विरूद्ध उचित कार्रवाई के लिए समिति का गठन किया गया है। मंडी सचिव चुन्नीलाल ध्रुव, खाद्य निरीक्षक कश्यप के सहयोग से मंडी समिति द्वारा गठित जांच टीम द्वारा भाटापारा व सिमगा मंडी क्षेत्रांतर्गत कुल 16 अवैध धान प्रकरण बनाये गये। इसमें ग्राम किरवई में पूरनलाल साहू, खोखली में सुनील केशरवानी, तरेंगा मनोज किराना, भोथीडीह में मिथलेश साहू तरेंगा में राजेश्वर गुप्ता, मोहभट्ठा में नारदलाल वर्मा व विरेन्द्र कुमार वर्मा, औरेठी में हेतराम यादव, खरगाडीह में जहलराम ध्रुव, लावर में संतोष कुमार व जगतराम ध्रुव, पौसरी में बिसरूराम निषाद, भाटापारा में सत्यजीत ट्रेडर्स व नितिन ट्रेडर्स, दतरेंगी में राममोहन साहू व रामकुमार वर्मा के प्रतिष्ठानों में कुल 808 कट्टा अर्थात 323.20 क्विंटल धान का जब्ती नामा प्रकरण मंडी अधिनियम की धारा 19- 4 के तहत कार्रवाई की गई। उपरोक्त कार्यवाही में प्रफुल्ल कुमार माझी मण्डी निरीक्षक, निशा सिंह मण्डी निरीक्षक उपनिरीक्षकगण बालगोविंद कश्यप, श्यामलाल साहू, सत्यनारायण यादव, मनोहर राव भोसले, ओमप्रकाश पाल, डेमनलाल ध्रुव, रामकुमार बरिहा, फणेन्द्र कुमार दीवान, कुलेश्रवर साहू, अरूण वर्मा आदि द्वारा किया गया।

# मारपीट के आरोप में दो लोग गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



ग्राम नवरंगपुर में मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी पिता-पुत्र को गिधौरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज के 4 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। गांव में शराब बिक्री बंद कराए जाने की बात को लेकर दोनों आरोपियों द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया। प्रार्थी कुमारे लाल खूंटे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 नवंबर को सुबह करीबन 9 बजे वह सरपंच के घर के पास की गली में खड़ा था। इसी बीच आरोपी नरेंद्र मनहर 36 वर्ष एवं उसके पिता हीराराम मनहर 59 वर्ष द्वारा गांव में शराब बिक्री बंद कराए जाने की बात को लेकर गांव के जनप्रतिनिधियों को अश्लील गाली-गलौज कर रहे थे, जिसे पंच होने के नाते प्रार्थी द्वारा मना करने पर दोनों आरोपियों द्वारा एक राय होते हुए, अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने की नीयत से बांस के डंडा से मारपीट कर प्रार्थी को गंभीर चोट पहुंचाया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351(3), 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने सामूहिक प्रयास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी जिला प्रवास के दौरान सोमवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में प्राचार्यों की बैठक लेकर बोर्ड परीक्षा तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने विगत वर्ष की परीक्षा परिणाम में 10 प्रतिशत की वृद्धि को बरकरार रखने सामूहिक प्रयास करने के निर्देश दिये।

श्री परदेशी ने अपार आईडी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों के अपार आईडी बनाने का कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये। स्कूल शिक्षा सचिव ने हाल ही में सम्पन्न त्रैमासिक परीक्षा, अपार आईडी की प्रगति, यू-डाईप्लस 2025-26 प्रविष्टि, छात्रवृत्ति, मूलभूत ▶▶ शेष पेज 10 पर

### उत्तर लिखने की प्रैक्टिस कराए

श्री परदेशी ने कहा कि शिक्षक बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं देते बल्कि उन्हें एक आदर्श नागरिक भी बनाते हैं। शिक्षक उत्कृष्ट आचरण और उच्च नैतिकता का उदाहरण पेश करें। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा, लेकिन लापरवाही और अनैतिक गतिविधि के लिये कार्यवाही भी होगी। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के क्रम मे बच्चों को पिछले प्रश्न पत्र एवं प्रश्न बैंक से उत्तर लिखने की प्रैक्टिस कराएं।

## पेंशनरों को जीवित प्रमाण पत्र डिजिटल भरने दिया प्रशिक्षण

**सिमगा**। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बलौदाबाजार भाटापारा के महासचिव मुबारक हुसैन के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक सिमगा के ब्रांच मैनेजर मो. शेख आदिल द्वारा सिमगा तहसील के समस्त विभागों के पेंशनरों को डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन करने का प्रशिक्षण दिया गया, जो पेंशनर्स लाइफ सर्टिफिकेट ऑनलाइन नहीं कर पाये थे। उनका तुरंत ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाया गया। समाज में हो रहे साइबर फ्रॉड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पेंशनरों को मिलने वाले लाभ, लोन ▶▶ शेष पेज 10 पर



## हितग्राही ने बनाया पक्का मुर्गी शेड और बढ़ाई आय, आजीविका हुई सुदृढ़

**बलौदाबाजार**। मनरेगा योजना के अंतर्गत पक्का मुर्गी शेड निर्माण से हितग्राही भूलू की आय में वृद्धि हुई है तथा मुर्गियों के पिट्स को जैविक खाद के रूप में उपयोग कर वे कृषि कार्य में भी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। ग्राम पंचायत कोदवा में हितग्राही भूलू के लिए मनरेगा से 1.13 लाख की लागत से पक्का मुर्गी शेड निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। हितग्राही द्वारा पूर्व से ही मुर्गी पालन का कार्य किया जा रहा था, परंतु अस्थायी शेड होने के कारण बरसात एवं गर्मी में मुर्गियों की सुरक्षा, दाना-संरक्षण तथा उत्पादन क्षमता गंभीर रूप से ▶▶ शेष पेज 10 पर



## भटभेरा ब्रांच में 20 लाख की ऋण वसूली हुई

# 10 उपार्जन केंद्रों में 3391 क्विंटल धान की खरीदी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला





छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की आधिकारिक शुरुआत कर दी गई है। हालांकि सहकारी समितियों के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शुरुआती एक–दो दिन शासन–प्रशासन को अतिरिक्त ताकत लगानी पड़ी, लेकिन अब हालात पूरी तरह सामान्य होते दिख रहा हैं। भठवेरा ब्रांच के अंतर्गत आने वाले 10 उपार्जन केंद्रों खपराडीह में 317.20, फुलवारी में 654, मोहरा में 548, रावन में 336, शिकारी केसली में 416, गोरदी में 300, भटभेरा 117, सकलोर में 164, सुहेला में 357 और हिरमी में 180.20 क्विंटल कुल 3391 क्विंटल धान की खरीदी की गई। केंद्रों में 77 किसानों ने धान बेचा, वहीं 72 किसानों से लगभग 20 लाख की ऋण वसूली भी की गई है। यह संकेत है कि अब खरीदी की प्रक्रिया तेजी पकड़ रही है और किसानों को राहत मिल रही है।

मंगलवार की सुबह समितियों में तकनीकी गड़बड़ी के कारण टोकन काटने का कार्य बाधित हुआ था, लेकिन शाम होते-होते समस्या का समाधान कर लिया गया और अगली तारीख के लिए टोकन जारी होना भी शुरू हो ▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### महावीर स्कूल गुढ़ियारी में लगा आनंद मेला

**रायपुर।** महावीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंदी मध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम गुढ़ियारी में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया, जहां बच्चों ने उसका आनंद उठाया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विजय सिंह जडेजा, उपाध्यक्ष सत्यनारायण काबरा, प्राचार्य तपन कुमार चौधरी, पल्लवी दुबे, वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

### चार जिलों में 10 बेड वाले प्राकृतिक चिकित्सालय स्वीकृत

**रायपुर।** शासन द्वारा जशपुर ,मनेन्द्रगढ़ ,रायगढ़ एवं बस्तर में 10 शैय्या युक्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय केंद्र के भवन निर्माण हेतु 11 करोड़ 22 लाख 28 हज़ार रूपये की स्वीकृति प्रदाय की गई है । जिसमे प्रति चिकित्सालय हेतु कुल 20 चिकित्सकीय स्टाफ एवं कर्मचारी की भी स्वीकृति देते हुए कुल 80 पदों का स्वीकृति प्रदान किया गया। आयुष के अधीनस्थ सभी प्राकृतिक चिकित्सालयों में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जिनका लाभ राज्य के सभी लोगों को प्रदान किया जाएगा। प्राकृतिक चिकित्सा एक समग्र स्वास्थ्य प्रणाली है जो जीवन शक्ति के सिद्धांतों और शरीर की स्व-उपचार क्षमताओं को बढ़ावा देती है। यह शरीर, मन, समाज और आध्यात्मिकता के विभिन्न आयामों में प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने पर जोर देती है। इसके अंतर्गत पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश जैसे पांच प्राकृतिक तत्वों का उपयोग कर शरीर की स्व-उपचार प्रक्रिया को सक्रिय किया जाता है।

### वेलनेस सेंटरों में मरीजों के लिए योग का प्रशिक्षण

**रायपुर।** आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत नागरिकों के शारीरिक, मानसिक, बौध्दिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु राज्य में 32 आयुष योगा वेलनेस सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक योग की परंपरा को पहुँचाना तथा आधुनिक जीवनशैली में उत्पन्न तनाव, अवसाद एवं अस्वस्थता से मुक्ति दिलाना है। राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित योगा वेलनेस सेंटरों में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा योगासन, प्राणायाम, ध्यान, सूर्य नमस्कार, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आहार परामर्श जैसी गतिविधियाँ नियमित रूप से कराई जा रही हैं। इन केन्द्रों में निःशुल्क नागरिकों को दैनिक योगाभ्यास की सुविधा दी जा रही है। योगा वेलनेस सेंटर न केवल स्वास्थ्य संवर्धन के केंद्र हैं बल्कि "रोग से मुक्त जीवन की ओर जनआंदोलन" के रूप में उभर रहे हैं। विभाग का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को योग से जोड़ना और "फिट इंडिया" की भावना को साकार करना है।

# बीपीएल और बुजुर्ग मरीजों का सीटी स्कैन, एमआरआई निशुल्क, एपीएल वालों को देना होगा एक और दो हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी में आने वाले बीपीएल वर्ग और सीनियर सिटीजन मरीजों को सीटी स्कैन और एमआरआई की सुविधा निशुल्क मिलेगी। एपीएल कार्डधारियों को इसके लिए क्रमशः 1 हजार और 2 हजार शुल्क देना होगा। आईपीडी यानी भर्ती होने के बाद सभी वर्ग के मरीजों को यह सुविधा निशुल्क मिलेगी। मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने वाले एमबीबीएस के छात्रों के लिए 200 सीटर हास्टल निर्माण पर भी सहमति जताई गई है।

सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के स्वशासी समिति की बैठक हुई। बैठक में अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के सीटी स्कैन और एमआरआई जांच के लिए व्यवस्था का निर्धारण कर दिया गया है। इसके तहत ओपीडी की जांच के दौरान एपीएल राशनकार्ड वाले आयुष्मान धारकों को जांच के लिए शुल्क देना होगा। इसमें अगर किसी मरीज की आयु 60 साल से अधिक है तो उसे बीपीएल वर्ग के मरीजों की तरह जांच का निशुल्क लाभ मिलेगा। बैठक में विभागों को दिए जाने वाले इंप्रेशन मनी की राशि को प्रति मांगपत्र 10 हजार से बढ़ाकर 1 लाख की गई है। समिति की बैठक में मेडिकल कॉलेज के 200 छात्रों के लिए चयन किए गए छात्रावास भवन पर सहमति दी गई। शीघ्र ही यह छात्रावास संचालन में आ जाएगा। बैठक में डीकेएस अस्पताल के एमसीएच छात्रावास का शुल्क 5 हजार से घटाकर 2 हजार 5 सौ रुपए करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल एवं विधायक सुनील सोनी, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, संभागायुक्त महादेव प्रसाद कांवरे, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिखा राजपूत तिवारी, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक रितेश अग्रवाल, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. यूएस पैंकरा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

**मेडिकल कालेज में 200 सीटर हास्टल निर्माण पर बनी सहमति, विभागों की इंप्रेशन मनी में 1 लाख**

### पैट सीटी और गामा कैमरा के लिए 3 माह

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में सालों से पड़ी पैट सीटी स्कैन और गामा कैमरा से मरीजों की जांच सुविधा शुरू करने तीन महीने का वक्त निर्धारित किया गया है। अधिकारियों को दोनों मशीनों को प्रारंभ करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था बनाने की नसीहत दी गई है। दोनों मशीन लगभग 21 करोड़ की जिसे वर्ष 2018 में खरीदा गया था। मशीन खरीदी के बाद से वह विवादों की वजह बिना उपयोग के पड़ा हुआ है। मंत्री ने आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, रीएजेंट एवं कंज्यूमेबल की खरीदी तथा आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था स्वशासी मद से करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

### इमरजेंसी खरीदी के लिए एनओसी



चिकित्सा महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के लिए अति आवश्यक सामाग्रियों उपकरण/रीएजेंट/केमिकल/डिस्पोजेबल सामाग्रियां इत्यादि जिनके मांगगपत्र सीजीएमएससी को प्रेषित किये गए हैं। उन सामाग्रियों की आपातकालीन आवश्यकता होने पर सीजीएमएससी से एनओसी प्राप्त होने एवं राशि मिलने की प्रत्याशा में अधिष्ठाता स्तर पर छ.ग. भंडार क्रय नियमानुसार आवश्यकता के अनुरूप सामग्री क्रय किये जाने की वित्तीय शक्ति प्रदत्त करने का अनुमोदन किया।

## सात साल पुराने पैकेज पर काम कर रहे निजी अस्पताल, कई बार उठ चुकी बदलाव की मांग

# पैकेज के संशोधन पर पूरा नहीं हुआ मंथन... बच्चों का पैर सीधा करने का खर्च 50 हजार, आयुष्मान में मिल रहे 3 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

निजी अस्पतालों में मरीजों के इलाज में गड़बड़ी के बीच पैकेज में संशोधन की मांग एक बार फिर उठने लगी है। सात साल पुराने पैकेज को रीवाइज करने काफी समय पहले उच्च स्तर पर मंथन के दावे किए गए थे जो अब तक पूरा नहीं हुआ है। निजी अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों का तर्क है कि समय के साथ इलाज महंगा हुआ, मगर योजना के दाम में बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान में छोटे बच्चों के टेढ़े पैर को सीधा करने का खर्च करीब 50 हजार है, मगर आयुष्मान के पैकेज में इसके लिए केवल तीन हजार रुपए निर्धारित हैं।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिछले कुछ दिनों में दर्जनभर से ज्यादा निजी अस्पतालों को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से निलंबित किया है। इनमें ज्यादातर अस्पतालों में गलत पैकेज ब्लाक करने की शिकायत मिली है। अस्पताल से जुड़े लोगों का कहना है कि इसकी एकमात्र वजह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना का पैकेज रीवाइज नहीं होना है। वर्ष 2018 वाले दरों में संशोधन के लिए आईएमए, एएचपीआई सहित विभिन्न संगठन विभागीय अधिकारियों और स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर चुके हैं। इस मामले में उन्हें आश्वासन तो मिला है, मगर अब तक इस पर मंथन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। स्वास्थ्य योजना में इलाज के लिए जो दरों का निर्धारण किया गया है, वह सात साल पुराना है। जैसे अब सामान्य हो चुके हृदय रोग के इलाज के लिए बाइपास सर्जरी में लगभग 4 और ओपन हार्ट सर्जरी के लिए 6 लाख का खर्च होता है। पैकेज में आवश्यक दवा सहित पूरे उपचार का खर्च एक से ढाई लाख रुपए निर्धारित है। बच्चों में क्लब फूट यानी पैरों का टेढ़ा होने की समस्या बढ़ रही है इसके इलाज के लिए पैकेज में 3 हजार रुपये तय है, जबकि इसका वास्तविक खर्च 50 हजार निर्धारित हैं। इसी तरह कई अन्य तरह की बीमारियों के लिए भी पैकेज में निर्धारित दर काफी कम है।

**महंगा हुआ इलाज पर नहीं बढ़े आयुष्मान में दाम, गलत पैकेज क्लेम का बड़ा कारण यह भी**

### वर्ष 2022 की दर लागू नहीं

योजना के पैकेज में संशोधन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2022 में कई बीमारियों के पैकेज में नया दर तय किया गया था। इस पैकेज को राज्य में लागू करने की योजना थी, मगर इस पर अमल नहीं किया जा सका। तीन साल पुराने पैकेज में काफी हद तक अंतर को कम करने का प्रयास किया गया था, मगर किसी कारणवश इसे राज्य में लागू नहीं किया जा सका। सात साल में चिकित्सकीय उपकरण के साथ अन्य सामग्री की कीमत में काफी बदलाव हुआ है, इसलिए पुराने पैकेज को काफी कम माना जा रहा है।



### उद्देश्य पूरा करने बदलाव जरूरी

एएचपीआई के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा कि शासन आम जनता को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना चाहती है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के पैकेज में संशोधन किया जाना आवश्यक है। एएचपीआई के अलावा आईएमए सहित अन्य संगठन काफी समय से इसकी मांग कर रहे हैं। सात साल में चिकित्सकीय उपकरणों सहित अन्य वस्तुओं के दाम तो बढ़े मगर स्वास्थ्य सहायता योजना में निर्धारित दर पर किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया।

### प्रमुख बीमारी और उसके पैकेज

- स्पाइन सर्जरी सामान्यतः खर्च 90 हजार के लगभग मगर पैकेज में 44 हजार निर्धारित
- न्यूरो सर्जरी का खर्च 7 लाख के आसपास पैकेज 70 से 80 हजार का
- पैरों में फ्रैक्चर के इलाज में 30 हजार तक खर्च योजना की दर 15 हजार
- हिप रिप्लेसमेंट के उपचार में 50 हजार का व्यय योजना का पैकेज 30 हजार
- आग में झुलसने वालों की सर्जरी का खर्च एक से सवा लाख, पैकज 65 हजार

**कार्ड बनाने में भी दिलचस्पी नहीं**

इस योजना का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड के आधार पर आयुष्मान कार्ड और 70 साल से अधिक उम्र वालों के लिए वय वंदना कार्ड की सुविधा दी गई है। विभाग के काफी प्रयास के बाद भी इन कार्डधारकों की संख्या पूरी नहीं हो पाई है। अभी भी आयुष्मान का लक्ष्य करीब दस फीसदी और वय वंदना कार्ड बनाने का काम पचास फीसदी से अधूरा है।

# बीएससी नर्सिंग : फिर खुला पोर्टल, निजी कॉलेजों में सरकारी से 1400 गुना अधिक सीट रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पोर्टल दोबारा खोल दिया गया है। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले की तिथि आईएनसी अर्थात इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा तय की जाती है। आईएनसी द्वारा दाखिले की तिथि बढ़ाए जाने बाद प्रदेश स्तर पर चिकित्सा शिक्षा आयुक्त द्वारा नया शेड्यूल जारी करते हुए दोबारा पंजीयन के लिए साइट खोल दिया गया है। जो छात्र पहले प्रवेश नहीं ले सके थे, वे अब ऑनलाइन पंजीयन कर दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि पात्रता संबंधित शर्तों में किसी तरह की कोई रियायत नहीं दी गई है। बीएससी नर्सिंग के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाले प्रवेश परीक्षाओं में न्यूनतम 50 पर्सेंटाइल प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही पंजीयन और प्रवेश के लिए पात्र होंगे। अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवेदन की अंतिम तिथि तक सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें।

- इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने 30 नवंबर तक बढ़ाई है तिथि, पर्सेंटाइल में फिलहाल राहत नहीं

### ऐसा है शेड्यूल

- ऑनलाइन आवेदन की शुरुआतः 17 नवंबर, सुबह 11:00 बजे
- आवेदन की अंतिम तिथिः 22 नवंबर, रात 11:59 बजे
- मेरिट लिस्ट जारी करने की तिथि : 23 नवंबर
- संस्था स्तर पर प्रवेश : 23 से 25 नवंबर

### शासकीय महाविद्यालय में सिर्फ 3 सीटें रिक्त

प्रदेश में बीएससी नर्सिंग की 7751 सीटें हैं। इनमें से शासकीय महाविद्यालयों में मात्र 410 सीटें हैं। शेष 7341 सीट निजी महाविद्यालयों की है। इनमें से शासकीय महाविद्यालयों की 407 सीट पहले ही भर चुकी हैं। जबकि निजी संस्थानों की 2917 सीटों पर ही प्रवेश हो सके हैं। इस तरह से शासकीय महाविद्यालयों में 3 तथा निजी महाविद्यालयों में 4224 सीट रिक्त है। निजी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की संख्या शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त सीट संख्या से 1408 गुनी है। रिक्त सीटों की संख्या को देखते हुए नर्सिंग महाविद्यालयों ने पर्सेंटाइल में राहत देने की मांग की है। निजी नर्सिंग महाविद्यालय संघ के संयोजक राजीव गुप्ता ने कहा, अंतिम चरण में पर्सेंटाइल पिछले वर्षों में कम किए जाते रहे हैं। इस कारण सीट नहीं भर पाती हैं। दोबारा आरंभ किए गए पंजीयन में भी पर्सेंटाइल संबंधित पुरानी शर्तों को ही बरकरार रखा गया है।

# फैक्ट्री में बच्चों से कराया जा रहा था काम आकस्मिक निरीक्षण में 70 किए गए रेस्क्यू!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के खरोरा क्षेत्र की कुछ फैक्ट्रियों में सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम जांच करने पहुंची। इस जांच के दौरान एक-दो फैक्ट्री में बड़ी संख्या में बाल मजदूर पाए गए, जिसकी सूचना आयोग ने महिला एवं बाल विकास एवं जिला बाल संरक्षण विभाग को दी। इस सूचना पर विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग 70 बच्चों को रेस्क्यू किया है! इनमें बालक एवं बालिकाएं दोनों हैं। रेस्क्यू के बाद सभी बच्चों को माना बाल संरक्षण केंद्र में रखा है। हालांकि विभाग के अधिकारियों से संपर्क नहीं होने के कारण इस खबर की पुष्टि नहीं हो पाई है, वहीं रेस्क्यू किए गए बच्चों की संख्या भी कम या ज्यादा हो सकती है।




### सख्त कार्रवाई के निर्देश

सूत्र के अनुसार इतने सारे बच्चों से काम लेने वाले फैक्ट्री प्रबंधक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश आयोग ने विभाग को दिए हैं। इस मामले में धारा 13-14,15 और धारा 75 के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

**मशरूम फैक्ट्री में कार्य करते मिले बच्चे**

सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम किसी शिकायत के आधार पर खरोरा क्षेत्र अंतर्गत कुछ फैक्ट्रियों में जांच करने पहुंची थी। इस जांच के दौरान एक मशरूम फैक्ट्री में बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चे कार्य करते मिले। आयोग ने इसके बाद तत्काल इसकी सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला संरक्षण विभाग को दी। इसके बाद विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच करते हुए फैक्ट्री से लगभग 70 बच्चों को रेक्स्यू किया। बताया जा रहा है कि ये सभी बच्चे फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूरों के ही बच्चे हैं। इन बच्चों को कार्य के बदले पैसे भी दिए जाते थे। फिलहाल इन बच्चों को रेस्क्यू कर माना बाल संरक्षण केंद्र लाया गया है। इस मामले में बच्चों के परिजनों, निवास के साथ कब से उनसे काम कराया जा रहा है, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# कलेक्टर जनचौपाल के आवेदन विभागों को भेजे नहीं हुआ निराकरण, अब भी सैकड़ों अर्जियां लंबित

**आवेदन करने के बाद भटक रहे पीड़ित, मिल रहा आश्वासन लेकिन समस्याएं जस के तस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के ऐसे कई लोग हैं, जो अपनी समस्या एवं शिकायत का निराकरण संबंधित विभागों में नहीं होने के बाद थक हारकर रायपुर कलेक्टोरेट के जनचौपाल कक्ष पहुंचते हैं। लोगों की समस्या एवं शिकायतों के निराकरण करने के लिए कलेक्टर ने विशेष रूप से जनदर्शन कक्ष बनाया हुआ है, जहां किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायत की जा सकती है। कलेक्टर पर विश्वास करते हुए लोग हर दिन जनचौपाल कक्ष में आवेदन करने भी पहुंच रहे हैं, जिनमें कई लोगों की समस्या एवं शिकायतों का निराकरण भी किया जा रहा है, लेकिन ऐसे सैकड़ों लोग हैं, जिनके आवेदन देने के बाद कई महीनों बाद भी उनकी समस्या एवं शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया है। कलेक्टोरेट जनचौपाल कक्ष में लोगों की समस्या एवं शिकायतें सुनने के लिए हर दिन अलग-अलग विभागों के अफसरों की ड्यूटी लगाई जा रही है। ये अफसर समस्या एवं शिकायत लेकर आने वाले लोगों के आवेदन लेने के साथ उनकी समस्या और शिकायत भी सुनते हैं। इसके बाद ये अफसर इन आवेदनों को संबंधित विभाग के अफसरों के नाम पर मार्क कर निराकरण करने भेज रहे हैं।



### कागजों में निराकरण बता रहे विभाग के अफसर

जनचौपाल कक्ष में ऐसे आवेदन हैं, जिनकी समस्या-शिकायत का निराकरण नहीं किया गया है। इसके बाद भी आवेदकों को संतुष्ट बता दिया गया है। इनमें ज्यादातर राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरण हैं। सूत्र के अनुसार कलेक्टोरेट जनदर्शन कक्ष में सालभर में राजस्व से संबंधित पांच सौ से अधिक आवेदन किए गए हैं, जिनमें से अभी भी डेढ़ सौ से ज्यादा लंबित हैं। इनमें ज्यादातर आवेदनों के विवाद प्रकरण है, जिनका निराकरण करने में अफसर भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इसके अलावा कई प्रकरणों में आवेदकों को संतुष्ट बताकर कागजों में आवेदनों को निराकृत बता दिया गया है, वहीं कुछ ऐसे भी प्रकरण हैं, जिनमें आवेदकों द्वारा बार-बार जनदर्शन कक्ष में आवेदन देने के बाद भी निराकरण नहीं किया गया है।

### केसः1

सतनामीपारा रायपुर निवासी दीपक टंडन ने पूर्व में कई बार जनचौपाल कक्ष में ग्राम तेलीबांधा स्थित खसरा नंबर 454-4 रकबा 0.127 हे. एवं खसरा नंबर 315-2 रकबा 0.736 हे. भूमि को मृत व्यक्ति को खड़ा कर रजिस्ट्री कराने के मामले में शिकायत की थी। इस शिकायत में ऋण पुस्तिका जारी करने वाले तत्कालीन तहसीलदार, पटवारी, अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। इस आवेदन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले में मृतक की जगह जिस व्यक्ति को खड़ा किया था उसे आरोपी मानते हुए सजा मिल चुकी है।

### केसः2

छत्तीसगढ़ नगर रायपुर निवासी धर्मेंद्र प्रधान पूर्व में कई बार आवेदन दे चुके हैं। इस आवेदन में ग्राम उरला अभनपुर स्थित एक मंदिर ट्रस्ट की जमीन को बगैर कलेक्टर अनुमति से बेचने के मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में अब तक कोई जांच पड़ताल नहीं की गई है।

## पेज 9 के शेष

### खेल मैदान खिलाड़ियों ...

करने के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिए जाने वाले सम्मान एवं विभिन्न शासकीय पदों पर उनकी नियुक्तियों की बात भी बताई कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले सैकड़ों खिलाड़ी आज सरकारी नौकरी में भी हैं।

### 10 उपार्जन केंद्रों...

गया। किसानों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों में समाधान पेटी भी लगाई गई है, जिसमें वे अपनी शिकायतें एवं सुझाव गुप्त रूप से दर्ज करा सकते हैं।

धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, शौचालय, लाइट की सुविधा जैसी सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया गया है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

सहकारिता सीईओ मनोज कंवर ने कहा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुकी है। वर्तमान स्थिति में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। सुबह से ही कर्मचारियों द्वारा बारदाना वितरण कर दिया जाता है। धान की जांच, बारदाना में भराई तथा हमालों द्वारा स्टैकिंग का कार्य भी उसी दिन में पूरा हो रहा है। साथ ही किसानों की ऋण वसूली भी जारी है।

### बोर्ड परीक्षा में...

सुविधा आदि एजेंडों पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता हेतु नियमित निरीक्षण करने के भी निर्देश दिये।बैठक मे सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे, सहायक संचालक एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

### पेंशनरों को जीवित...

सुविधाओं के बारे में बताया गया। मैनेजर द्वारा स्वल्पाहार के बाद शाल और श्रीफल भेंट कर पेंशनरों का अभिनंदन किया गया। पेंशनरों ने कहा कि सिमगा नगर के इतिहास में पहली बार बैंक प्रबंधन द्वारा ऐसा सीनियर सिटिजन पेंशनरों के लिए गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक स्टाफ से मो. शेख आदिल, चंद्रशेखर, प्रणयरथ, नवीता सेनगुप्ता, पेंशनर्स मुबारक हुसैन कामता प्रसाद देवांगन, गणेश राम राम सेन, जीवन लाल माली, शिवकुमार वर्मा, ईश्वरी शर्मा, घनश्याम गिरी गोस्वामी, गयाराम ध्रुव सहित सिमगा तहसील के जागरूक पेंशनर्स उपस्थित थे।

### हितग्राही ने बनाया ...

प्रभावित होती थी। पक्के शेड के निर्माण से अब मुर्गियों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध हुआ है। शेड निर्माण के उपरांत हितग्राही ने 500 चूजे 25 रुपए प्रति नग की दर से खरीदे। इनमें से 60 नग 600 रुपए प्रति नग की दर से विक्रय किये तथा लगभग 150–200 चूजे वर्तमान में अच्छी वृद्धि पर हैं। अब तक हितग्राही को इस कार्य से 36 हजार की आय प्राप्त हो चुकी है। पक्के शेड के कारण चूजों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। हितग्राही भूलु ने बताया कि शेड निर्माण से उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा मुर्गियों के पिट्स को जैविक खाद के रूप में उपयोग कर वे कृषि कार्य में भी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान लाभ को देखते हुए वे समीप की भूमि क्रय कर शेड का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। मनरेगा के अंतर्गत निर्मित यह शेड हितग्राही के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का उदाहरण है, जो योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहा है।

# ई-व्हीकल 52 हजार से ज्यादा सब्सिडी राशि का 116 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने केंद्र के साथ राज्य सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए केंद्र के साथ राज्य सरकार द्वारा लोगों को ईवी खरीदने प्रोत्साहित करने रोड टैक्स सहित कीमत में सब्सिडी दे रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अक्टूबर तक की स्थिति में सब्सिडी की राशि 115 करोड़ 85 लाख रुपए से ज्यादा की सब्सिडी राशि ईवी खरीदने वाले 52 हजार 265 लोगों को नहीं मिल पाई है।

ईवी को बढ़ावा देने राज्य में 31 अगस्त 2022 से पांच वर्ष के लिए ईवी पॉलिसी लागू की गई है। जब ईवी पॉलिसी लागू की गई उस समय ईवी वाहन के प्रकार के अनुसार नए वाहन में 100 प्रतिशत तक रोड टैक्स में छूट दी गई। वर्तमान में रोड टैक्स में 50 प्रतिशत तक छूट है। इस तरह वाहन के प्रकार के अनुसार 10 प्रतिशत से लेकर एक लाख रुपए तक राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी गई है। रोड टैक्स सहित अन्य टैक्स में कटौती के बाद भी ईवी की बिक्री में लगातार इजाफा हो रहा है। राज्य में वर्तमान में पौने दो लाख के करीब ईवी कार, दोपहिया सहित मालवाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसमें 50 सीसी से कम स्पीड वाले करीब 30 हजार वाहन शामिल हैं। ऑटोमोबाइल डीलरों का कहना है कि ईवी की डिमांड पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ रही है।

### ईवी को प्रमोट करने ऐसे बनाए थे नियम

राज्य सरकार द्वारा 31 अगस्त 2022 को 5 साल के लिए ईवी पॉलिसी लागू की गई है। इसमें पहले दो साल रजिस्ट्रेशन और रोड टैक्स में पूरी तरह से छूट। इसके बाद 2 साल तक रोड टैक्स में 50 फीसदी और इसके बाद रोड टैक्स में 25 फीसदी की छूट मिलेगी। साथ ही वाहन की कीमत का न्यूततम 10 फीसदी और अधिकतम 1.50 लाख की सब्सिडी का प्रावधान किया गया था। वहीं हाईब्रिड वाहनों की कीमत की 50 फीसदी तक छूट मिल रही थी। इसके चलते लगातार लक्जरी वाहनों की खरीदी का ग्राफ बढ़ने के बाद पंजीकृत वाहनों को न्यूनतम 10 फीसदी और अधिकतम 1 लाख के साथ ही 10 लाख से ज्यादा कीमत वाले वाहनों की सब्सिडी को समाप्त कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### मदकू द्वीप और कानन पेंडारी का किया भ्रमण

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के बीए भाग- तीन भूगोल के विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन, एमएन सिदार के मार्गदर्शन तथा एसपी खड़बंधे देवेश राणा (सहायक प्राध्यापक भूगोल), शुभम पटेल( प्रयोगशाला तकनीशियन) के नेतृत्व में छग राज्य के मुंगेली जिले में स्थित मदकू द्वीप, ताला गांव एवं बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी का भ्रमण किया। विदित हो कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने बीए भाग तीन प्रायोगिक भूगोल के पाठ्यक्रम में भौगोलिक भ्रमण को शामिल किया है। जिसमें बीए के छात्र प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक तत्वों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर भौगोलिक समीक्षा करने में समर्थ हों तथा भूगोल को निकट से समझ सकें। इस आशय से भूगोल विभाग द्वारा 15 नवंबर को मदकू द्वीप जो की मुंगेली जिले में शिवनाथ नदी के दो धारा में बटा एक नदी द्वीप है जो भौगोलिक प्राकृतिक भौगोलिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है तथा ताला गांव में मनियारी नदी के तट पर स्थित देवरानी जेठानी मंदिर छत्तीसगढ़ का सबसे प्राचीन मंदिर है, यहीं पर रूद्र शिव की विशाल प्रतिमा स्थित है। बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी (चिड़ियाघर) का भ्रमण किया।

### खूंखार नक्सली माड़वी और उसकी पत्नी का हुआ मुठभेड़ में अंत

**सरायपाली।** दुर्दांत एवं खूंखार नक्सली माड़वी हिड़मा और उसकी पत्नी का सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में अंत होने पर इसे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को ऐतिहासिक सफलता बताते हुए युवा भाजपा नेता प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि हिड़मा पर 1 करोड़ रुपए से अधिक का इनाम घोषित था और वह अनेक जघन्य, दर्दनाक और राष्ट्रविरोधी नक्सली घटनाओं का मुख्य मास्टरमाइंड था। उसका खात्मा न केवल नक्सली तंत्र के लिए भारी धक्का है बल्कि दशकों से नक्सली हिंसा झेल रहे निर्दोष नागरिकों के लिए न्याय का ऐतिहासिक क्षण भी है।

### परसुली केंद्र में तीसरे दिन भी नही हुई खरीदी

**नर्रा।** छग में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरूवात हो गई है। वहीं जिले के अंतिम छोर अंतरराज्यीय सीमा के प्राथमिक साख सहकारी समिति पंक्र 862 परसुली उपार्जन केंद्र में तीसरे दिन भी धान खरीदी शुरू नही हो पाई है। सहकारी समिति कर्मचारी संग की हड़ताल से केंद्र में धान खरीदी की व्यवस्था चरमरा गई है। इस केंद्र की संचालन की जिम्मेदारी पंचायत सचिव सुनीता सोनवानी को सौंपा है। जानकारी के अनुसार नये प्रभारी व ऑपरेटर ड्यूटी पर पहुंच तो गए है। लेकिन, वहां अब उन्हें साफ्ट वेयर अपडेट नही होने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते किसानों को धान बेचने मे अभी से परेशानी आ रही है। कोमाखान जिला सहकारी शाखा के अंतर्गत आने वाले परसुली केंद्र पर तीसरे दिन भी धान खरीदी शुरू नही हो पाई है।

**आयोजन :** श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में मधुसूदनाचार्य की भागवत कथा जारी

# जहां राम वही अयोध्या, जहां कृष्ण वहां है वृंदावन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी





श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराते हुए कथावाचक स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज ने कहा कि भगवान ही संसार के बनाने वाले हैं। इसके निर्माण में वे किसी का सहारा नहीं लेते। बनाने वाले भी भगवान हैं और बनने वाले भी भगवान ही हैं। इस संसार में सभी जगह पर भगवान ही समाये हुए हैं। वे निर्गुण और सगुण दोनों ही रूपों में विद्यमान है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा को न केवल सुनना चाहिए, अपितु उसका चिंतन और मनन भी करना चाहिए, इससे कथा श्रवण का लाभ प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रश्नों का विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि -जीव मात्र का कल्याण किस में है? सभी वेदों का सार क्या है? भगवान अवतार क्यों लेते हैं? अवतार लेकर के उन्होंने क्या-क्या किया? भगवान के कितने अवतार हैं, भगवान कृष्ण के जाने के बाद धर्म ने किसका आश्रय लिया? इन प्रश्नों का समुचित समाधान करते हुए उन्होंने बताया कि- मन, वचन और कर्म से किसी प्रकार किसी भी प्राणी को सुख या शांति प्रदान करना ही भगवान की भक्ति है। हमारे वाणी से किसी को शांति मिलती है तो वह भी भगवान की भक्ति ही है।

भगवान ने अवतार धारण करके इस संसार में क्या-क्या किया? इसे समझने के लिए श्रीमद् रामचरितमानस और श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा को सुनना होगा, भगवान के अपने लोक गमन के पश्चात धर्म ने श्रीमद् भागवत महापुराण में आकर अपना आश्रय प्राप्त किया। रामो विग्रहवान धर्मः



अर्थात राम भद्र स्वयं धर्म के अवतार हैं। भगवान के भक्तों को भी भागवत ही कहा जाता है। प्रथम अवतार भगवान का सनकादिक ऋषियों के रूप में हुआ और उन्होंने भक्ति का मार्ग प्रशस्त करके जीव मात्र का कल्याण किया। आचार्य ने भगवान के अनेक अवतारों की सविस्तार व्याख्या की और कहा कि अखिल कोटि ब्रह्मांड में वेद ही सत्य है, उन्हीं के मार्ग पर चलना चाहिए। कलयुग के संध्याकाल अर्थात अवसान के समय भगवान का कल्कि अवतार होगा। श्रोताओं से उन्होंने कहा कि आप चाहें किसी भी मार्ग पर चलें। अपने इष्ट के प्रति आपकी सच्ची निष्ठा अवश्य होनी चाहिए। संत की कृपा से संसार में कोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है, जहां भगवान राम है वहीं अयोध्या है और जहां भगवान कृष्ण है वही वृंदावन है। मुख्य यजमान के रूप में राजेश्री महन्त महाराज हमेशा की तरह मंच पर विराजित थे। द्वितीय दिवस कथा श्रवण के लिए जिला बिलासपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा, सारंगढ़, बिलईगढ़, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, शक्ति आदि जिलों से आए हुए श्रोताओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## चौहान समाज के स्नेह सम्मेलन में विधायकों ने सामाजिक एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी



महानदी किनारे शिवरीनारायण संभाग स्तरीय चौहान समाज स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश और विशेष अतिथि सराईपाली विधायक चातुरी नंद चौहान उपस्थित रहीं। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजसेवी स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए ।

स्नेह सम्मेलन का आयोजन बाबा घाट स्थित भूतेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में किया गया। समाज के विकास के मद्देनजर मंदिर के जीर्णोद्धार एवं नए भवन निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। विधायक चातुरी नंद चौहान ने मंच से अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ से 20 लाख समाज के लिए स्वीकृत कराने की घोषणा की।वहीं पामगढ़ विधायक ने मीडिया के माध्यम से कहा कि इसे चौहान समाज की उत्तरोत्तर विकास के लिए राशि बढ़ा के देंगे। हम दोनों विधायक जिससे निर्माण कार्यों को गति मिलेगी, नगर के अनुरूप कार्य अच्छे से होगा। अपने संबोधन में अतिथियों ने शिक्षा, राजनीति और व्यापार के क्षेत्र में चौहान समाज को और मजबूत व जागरूक बनने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की दिशा और दशा सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य हैं। कार्यक्रम में अखिल छत्तीसगढ़ चौहान समिति के साथ ही जिला एवं संभाग स्तर के सभी केंद्रीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।



## समिति प्रबंधक और आपरेटरों की मांगों को पूरा करें सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा



नगर के पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने प्राथमिक साख सहकारी समिति में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों की मांगों को पूर्ण रुप से जायज और न्यायोचित बताते हुये मुख्यमंत्री से तत्काल पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा सुबह से लेकर देर रात तक सहकारी समिति में कार्य करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटरों की मांग 12महीने का वेतन दिया जाए, आपरेटरों का विभाग निश्चित होना चाहिये, धान की सूखत मात्रा निश्चित होना चाहिये, मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर प्रत्येक समिति को 3 लाख प्रबंधकीय अनुदान मिलना चाहिये, शासकीय बैंकों में भर्ती के समय महत्व मिलना चाहिये।

सुशील शर्मा ने कहा की समिति संगठन के अध्यक्षों को एस्मा की धारा के तहत गिरफ्तार करने का षड्यंत्र कर रही है, ये सरासर गलत और तानाशाही नीति अपनाकर किसानों के धान खरीदी को प्रभावित कर सरकार धान खरीदी करने से बचना चाहती है। एस्मा की धारा के तहत कार्यवाही सरकारी कर्मचारियों के ऊपर की जाती है, वेतन भोगी कर्मचारी पर नहीं, भाजपा सरकार जानबूझकर धान खरीदी में रोड़ा पैदा कर रही है। कांग्रेस सरकार की महत्वकांछी योजना अधिकारियों की लापरवाही और हटधर्मिता के कारण असफल साबित हो रही है, अधिकारी प्रबंधक और आपरेटर संगठन के अध्यक्षों से सार्थक चर्चा कर उनकी जायज मांगों को पूरा कराने में सहयोग करने के बजाय किसानो के साथ छल और धोखाधड़ी कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा की प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटरों की मांगों को तत्काल पूर्ण कर धान खरीदी को सुचारू रूप से प्रारंभ करें अन्यथा कांग्रेस पार्टी हड़ताली संगठन के समर्थन में सड़क पर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## राजस्थान में आयोजित सतनाम सत्संग में शामिल हुआ प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

खवासपुर राजस्थान में सतनाम सत्संग में सम्मिलित हुए छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल। इस दौरान देश में सतनाम धर्मावलंबी को अपनी संस्कृति को आपस में साझा कर राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय करने का प्रयास किया। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा नौ राज्यों के सतनाम धर्मावलंबियों एवं सतनामी समाज के विभिन्न राज्यों के प्रमुखों को गिरौदपुरी में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करके राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने पहल की गई। सम्मेलन में अश्विनी बबलू त्रिवेंद्र, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी, अशोक बंजारे महासचिव युवा प्रकोष्ठ, पंडित श्रीराम जोशी, खेदुरम बंजारे, नामदास, नीलकमल, आजाद शाहिद प्रतिनिधि मंडल सम्मिलित हुआ।

## शिकारी केशली में 11 किसानों ने बेचा 416 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रदेश सहित जिले में शुरू हो गया है। तहसील सुहेला अंतर्गत उपार्जन केन्द्र शिकारी केशली में मंगलवार को 8 किसानों ने टोकन लिया था, जिससे 416 क्विंटल धान लगभग 9 लाख 85 हजार रुपये का बेचे। उपार्जन केन्द्र में किसानों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे किसान आसानी से धान बेच रहे हैं। 19 नवम्बर के लिए 431 समिति में 1455 टोकन कटा है।उपार्जन केन्द्र शिकारी केशली में धान बेचने आए ग्राम डिग्गी के कृषक चंदन प्रसाद अनंत ने धान खरीदी की प्रशंसा की। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए भी आभार व्यक्त किया। केंद्रों में पेयजल, छाया, बैठने की सुव्यवस्था, एवं तौल की पारदर्शी प्रक्रिया जैसी सुविधाओं ने किसानों को बड़ी राहत दी है। किसानों का कहना है कि प्रशासनिक टीम लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था को सुचारू बनाए रख रही है, जिससे धान बिक्री में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है।

### पाटन में धान खरीदी शुरू

**भाटापारा।** सहकारी समिति पाटन में तराजू और बांट की पूजा कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारम्भ की गई। इसमें सहकारी समिति अध्यक्ष टिक्की वर्मा, सरपंच वैभवी वर्मा, गोविंद वर्मा, लोकेश ध्रुव, संतोष शर्मा, दीपक यादव, राजेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे।



### बिश्रामपुर में धान खरीदी का शुभारंभ

**सिमगा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बिश्रामपुर में अध्यक्ष हेम सिंह चौहान ने धान खरीदी का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम ठेकुना मर्राकोनहा धान उपार्जन केंद्र में किसानों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाई गई। इस



अवसर पर हेमसिंह चौहान ने कहा भाजपा डबल इंजन की सरकार में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अन्नदाता किसानों के सम्मान में उनके धान का एक दाना खरीदने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करते हुए धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। अन्नदाता किसानों को धान खरीदी में कहीं भी कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा ऑनलाइन पंजीकरण भी हो रहा है, टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप से भी बुकिंग प्रारंभ है। भुगतान 6 -7 दिनों के भीतर एक मुफ्त राशि किसानों खातों में आएगी। अन्नदाता किसान को अग्रिम श्रेणी में रखते हुए निर्बाध धान खरीदी समय पर हो रही है। इस कार्यक्रम में शामिल क्षेत्र के किसान भाई जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य जीत त्रिलोक कुर्रे, ढ़ेकुना सरपंच, बिश्रामपुर सरपंच, गणेशपुर सरपंच, प्रतिनिधि सरपंच कुबेर यदु, गोविंद चौहान, मोहन बघेल, रामचंद्र सजल, वाणी राम, नारायण साहू, ईश्वर साहू, दऊवा साहू, अजय, दयाल, करहुल, तरपोंगा, ठेकुना, विश्रामपुर, गणेशपुर, लिमतरा, सजारी, नवागांव, बामणीडी नोडल अधिकारी रामेश्वर साहू, रश्मि बघेल समस्त कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर किसानों की उपस्थिति में धान खरीदी कार्यक्रम हुआ।

**बढ़ती दुर्घटना को रोकने ट्रैफिक नियम की भी दी गई जानकारी**

## नशामुक्ति के लिए पीएमश्री के छात्रों ने निकाली रैली और ग्रामीणों किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल





नगर पंचायत में संचालित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली। इसमें थाना कसडोल से उप निरीक्षक एस आर नायक, प्रधान आरक्षक महेंद्र पोर्ते, आरक्षक राजू वर्मा, चुन्नी साहू, प्रमुख अधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर उप निरीक्षक ने पीएम श्री स्कूल में उपस्थित होकर सभी बच्चों को नशा से दूर रहने की हिदायत दी। साथ ही नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी बताया। इसके साथ ही सभी बच्चों को मोबाइल के जागरूकता तहत उसके दुष्परिणाम और होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया कि किस तरह से साइबर क्राइम बढ़ते जा रहे हैं और छोटे-बच्चे कैसे उसके शिकार बनते जा रहे हैं और उसके कैसे बचे, इस बारे भी बताते हुए कहा कि मोबाइल का उपयोग उतना ही करे जितना अनिवार्य है। सभी बच्चे ऑनलाइन गेम से दूर रहे। इस दौरान ट्रैफिक नियमों की भी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने सभी बच्चों को गाड़ी न चलाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कम उम्र में गाड़ी चलाना जानलेवा हो सकता है और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने पर होने वाले जुर्माना के बारे में भी विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों के साथ नशामुक्ति अभियान रैली निकालकर लोगों में नशामुक्ति का संदेश दिया। इस नशामुक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत कसडोल के प्रमुख गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए और गुरु घासीदास चौक पहुंच सभी ने देश को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से पीएम

## सब्जियों के दाम से छूट रहे पसीने



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोपालपुर

गांव के साप्ताहिक बाजार में सब्जियों के भाव आसमान छू रहा है। यहां तिवरा भाजी 100 रुपए, फूल गोभी 80, पत्तागोभी 60, हरी मिर्च 40, भिन्डी 60, बैगन 40, हरा धनीया 130, टमाटर 40 रुपये किलो में बिक रहा है। क्षेत्र के गरीबों ने चर्चा के दौरान बताया कि सब्जियों के भाव बढ़ने के कारण 500 रुपए में भी सप्ताहभर की सब्जी नहीं हो पाती। ऐसी महंगाई में हम लोगों को पौष्टिक युक्त खाना कहा मिल पाएगा।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 नवम्बर 2025
SHOW TIME
एम.ए प्रीवियस सीजी
शो समय - 12:00, 6:00 PM
माटी सीजी
शो समय - 03:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 07 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में जिले के 4731 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा गया है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूंढने में कोई कठिनाई न हो। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुँचे। ताकि फ्रिस्किंग तथा फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

### बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव 25 को

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन के कुंभकार समाज द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी कुराल पूजा महोत्सव मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष पंचमी 25 नवंबर मंगलवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिन पूर्व 24 नवंबर सोमवार को सायं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 7 बजे सुर सुरभि पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से हवन पूजन एवं दोपहर 1 बजे महाभंडारा प्रसादी वितरण होगा।

### पोर्टल में संशोधन के लिए अतिरिक्त समय 25 तक

**महासमुंद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025 के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में नए पंजीयन एवं पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की समय-सीमा पूर्व में 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई थी। इसी क्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए शेष कृषकों एवं डूबान क्षेत्र के वन पट्टाधारी कृषकों के प्रकरणों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए अतिरिक्त समय सीमा का प्रावधान किया गया है। आदेशानुसार, एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषकों, डूबान क्षेत्र के वन पट्टाधारी कृषकों के कैरी फॉरवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए अतिरिक्त एक सप्ताह का समय प्रदान किया गया है। यह संशोधन अब 19 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक तहसील लॉगिन के माध्यम से किया जा सकेगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें ताकि पात्र किसानों के पंजीयन एवं संशोधन कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो सकें।

### धान उपार्जन केंद्र में घोर लापरवाही उजागर

**बसना।** धान उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था और लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नरसैयापल्लम में धान खरीदी के लिए मृत सचिव रविलाल चौहान, जो ग्राम राजपुर के निवासी थे, उनका निधन 6 सितंबर को हो चुका है। इसके बावजूद मृत व्यक्ति के नाम पर ही धान खरीदी का जिम्मा सौंप दिया गया, जो विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित केंद्र में खरीदी व्यवस्था पहले से ही अव्यवस्थित थी, लेकिन मृत पंचायत सचिव के नाम पर जिम्मेदारी दर्ज होना प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। इस पूरे प्रकरण से किसान भी परेशान हैं और धान खरीदी कार्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है।

# रायपुर-बिलासपुर के बीच पैसेंजर ट्रेनें तीन दिनों तक रहेगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन में होगा कार्य

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल अंतर्गत हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन के बीच किमी 785/23-25 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 394 के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए बॉक्स पुसिंग की सुविधा के लिए रिलीविंग गर्डरों को लॉन्च का कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के लिए 20 नवम्बर को डाउन लाइन में 3.30 मिनट का तथा 22 एवं 23 नवम्बर को अप एवं मीडिल लाइन 4 घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा ।

इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें रद्द होने वाली गाडियां 23 नवम्बर को गाड़ी 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

## 20, 22 और 23 को होगा बॉक्स पुसिंग सुविधा के लिए रिलीविंग गर्डरों का लॉन्च कार्य



### 23 नवम्बर को गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी

23 नवम्बर को गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 23 नवम्बर को 68734 बिलासपुर-गेवर रोड मेमू पैसेंजर, 23 नवम्बर को 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 23 नवम्बर को गाडी 58205 रायपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी। 24 नवम्बर को 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर 24 नवम्बर को गाडी संख्या 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

### बीच में समाप्त होने वाली गाड़ी

20 एवं 23 नवम्बर को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 20 एवं 23 नवम्बर को 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान यह गाड़ी बिलासपुर से ही झारसुगुड़ा के लिए रवाना होगी। इसलिए यह गाड़ी गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

## आयोजन : चार दिनों तक चली प्रतियोगिताओं में हुआ विभिन्न खेलों का आयोजन

# वार्षिक खेल महोत्सव में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में चार दिवसीय शाला वार्षिक खेल महोत्सव हुआ। कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, दौड़, गोला फेंक, शतरंज, कैरम और आर्म रेसलिंग जैसी स्पर्धाओं में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा, आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। खेलकूद न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, धैर्य और टीम भावना सिखाता है। हमारे विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, यह देखकर बहुत खुशी हो रही है।

उपाध्यक्ष सुमित सेन ने कहा, इस तरह के आयोजन से बच्चों में छिपी प्रतिभा बाहर आती है। खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी इसी जोश के साथ आगे बढ़ें। प्राचार्या रजनी मिंज ने कहा, वार्षिक खेल महोत्सव हमारे विद्यालय की परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चार दिनों तक चले इस उत्सव में बच्चों ने जिस जोश और खेल भावना का परिचय दिया, वह काबिल-ए-तारीफ है।

प्रमुख परिणाम संक्षेप में- कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और क्रिकेट में कक्षा 12वीं एवं 10वीं के ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन किया, एथलेटिक्स में डूगेंद्र साहू 12वीं, प्रीति देवांगन 12वीं, सूरज गायकवाड़ 9वीं एवं अर्शी खान 9वीं ने लगातार स्वर्ण पदक जीते, शतरंज में खेमराज देवांगन 10वीं एवं कैरम में गरिमा-तुलसी की जोड़ी 12वीं अव्वल रही। व्यायाम शिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी, योगराज निषाद, अनिल कुमार द्वारा नियमों का पालक करते हुए खेलों को सफलतापूर्ण कराया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रेमलाल गिलहरे, सचिन अग्रवाल, सुनील नायक, संजीव देवांगन, यज्ञदत्त शर्मा, गुरदीप सिंह छाबड़ा सहित अनेक अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ को मिला नया अध्यक्ष



**भाटापारा।** जिला ड्राइवर महासंघ अध्यक्ष के लिए 3 प्रतिनिधि ने अपनी दावेदारी की, जिसमें संघ के स्थापक एवं संरक्षक अनिल त्रिवेदी एवं विधिक सलाहकार एवं प्रतिनिधि अनिमेष त्रिवेदी की अध्यक्षता में चुनाव हुआ। इसमें जिले को नया अध्यक्ष सीता राम निषाद मिला। वहीं रविदास मांडले को पीआरओ जनसंपर्क अधिकारी तथा मोहम्मद हनीफ को कानूनी फाइनेंसर का पद प्राप्त हुआ। बता दें कि कुछ दिनों पहले संघ से जुड़े सभी लोगों ने स्टेरिंग छोडों आंदोलन किया था, जिसमें संघ द्वार सरकार के समक्ष 3 मांगें राखी थी, जिसमें राज्य में शराब बंद किया जाए, ड्राइवर के लिए आयोग और ड्राइवर कल्याण योजना जिसमें से ड्राइवर आयोग की मांग सरकार द्वारा स्वीकार की गई, परंतु 2 मांगें अभी भी शेष है। इसके लिए इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसकी सफलता उपरांत कुछ नये कदम उठाये जायेंगे।

# शिक्षक ने स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



भाटापारा विकासखंड के ग्राम पंचायत टोनाटार निवासी पूर्व माध्यमिक शाला मटिया के प्रधानपाठक नारंतक यादव ने अपने स्व. पिता बहल राम यादव की स्मृति में बच्चों को न्योता भोज कराया। यह भोज 175 बच्चों ने प्राप्त किया। न्योता भोज में चावल, दाल, सब्जी के अलावा खीर पूरी और जलेबी परोसी गई। न्योता भोजन पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक उमाशंकर साहू, शिवकुमार यादव, दिनेश कुमार पुरेना, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक जवाहर वर्मा, इंदल मांडवी, चंद्रहास साहू एवं यादव परिवार से कमलेश, प्रभादेवी, नारंतक, अनीता देवी, सुजीत कोमिन, खेलू, ओम कुमारी, कोमलकांत, ओमेश कांत, खिलेश्वरी, हिमानी यादव, स्नेहा यादव, नेहा यादव, हर्षकुमार यादव, कान्हा यादव, नव्या यादव, भाव्या यादव, काव्या यादव, सहित जेपी साहू, सुखराम निषाद, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशती संगम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में रविवार को सप्तशती संगम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, विद्यालय परिवार तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रामेश्वरी वर्मा एवं सुशीला वर्मा रहीं, जिन्होंने दुर्गासप्तशती के विविध प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए नारी शक्ति, संस्कार एवं सामाजिक जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजू वर्मा ने की तथा संयोजिका की भूमिका विद्यालय प्रधानाचार्या सुनीता यादव द्वारा निभाई गई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों एवं अभिभावकों में नैतिक मूल्यों का संवर्धन होता है तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जुड़ाव बढ़ता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक, मीना वर्मा, नंदनी साहू सहित क्षेत्र की अनेक माताएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और उन्होंने धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को समाज निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। विद्यालय की दीदी-बहनों एवं स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से मां दुर्गा की वंदना, श्लोक, भजन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनसे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का श्रीफल से सम्मान किया गया तथा मातृशक्ति की सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

## 800 यात्रियों का जत्था तिरुपति-मदुरै-रामेश्वरम के लिए रवाना



**खरोरा|** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन में सवार बस्तर संभाग के 800 यात्रियों के जत्थे को तिरुपति-मदुरै-रामेश्वरम के लिए हरी झंडी दिखाकर नवीन कुमार अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर द्वारा रवाना किया गया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की यह 9वीं ट्रेन है। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु भी उपस्थित थे।

### एंबुलेंस की तत्परता से सड़क हादसे में घायल युवक की बची जान

**बसना।** पिलवापाली के पास शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्परता से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल पिथौरा लाया गया। जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 12:30 बजे बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही 108 एंबुलेंस टीम सक्रिय हुई। मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस कर्मियों ने सड़क किनारे घायल पड़े युवक की स्थिति नाजुक देखते हुए सबसे पहले उसे स्ट्रेचर के माध्यम से एंबुलेंस में शिफ्ट किया। एंबुलेंस टीम ने प्राथमिक उपचार देते हुए युवक को तुरंत ड्रिप लगाया और स्थिति संभालते हुए अस्पताल के लिए रवाना किया।

# कॉलेज में मना जनजाति गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ छात्रों को दिलायी गई नशामुक्ति की शपथ



शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में भगवान श्री बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजाति गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवराज शरण सिंह सभापति जिला पंचायत, जय सिंह नाग विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सौभाग्य शरण सिंह समाज सेवी, बाबूलाल ठाकुर समाजसेवी, जयदीप पांडे मुख्य वक्ता जनजाति मामले उपस्थित थे। मुख्य वक्ता जयदीप पांडे ने भगवान बिरसा मुंडा को महान समाज सुधारक और ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लोहा लेने वाले नायक बताया। उन्होंने कहा राजा युवराज शरण सिंह ने भगवान बिरसा द्वारा भूमि और सांस्कृतिक अधिकारों के हनन के खिलाफ चलाए गए उलगुलान नामक विद्रोह को याद किया। प्राचार्य डॉ.उमाकांत मिश्र ने बिरसा मुंडा को धरती आबा क्यों कहा जाता है इस पर प्रकाश डाला ।

इसी दौरान प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्रा द्वारा नशाखोरी की व्यापक दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरे होने को उपलक्षय में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं को अपने राज्य व जिला को नशा मुक्त करने शपथ दिलायी। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक तुलेश्वर सिंह ध्रुव संयोजक की भूमिका में रहे और कार्यक्रम का मंच संचालन जनभागीदारी शिक्षक रेशम चौहान ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ व सभी छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## फन फिएस्टा और भव्य प्रदर्शनी में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

# एग्जिबिशन में शामिल छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



डीएवी टिकुलिया में अध्यनरत विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, फन फेयर और एग्जीबिशन, कल्चरल इवेंट, आर्ट गैलरी, रंगोली, संगीत रैंप वॉक में उनकी सहभागिता से इसका अंदाज लगाया जा सकता है। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने वक्तव्य में कही। इस दौरान उन्होंने स्कूल में 6 नग कंप्यूटर देने की घोषणा की।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि यहां के शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की प्रतिभा का अनुमान लगाया जा सकता है कि आज यहां हो रहे फन फेयर और एग्जिबिशन में शत प्रतिशत छात्र इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को सामने ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभाएं छुपी रहती है, उनमें असीम संभावनाएं रहती है, लेकिन बच्चे संकोचवश उसे बाहर नहीं ला पाते, जिससे वे इस क्षेत्र में धीरे-धीरे पिछड़ने लग जाते हैं। उन्हें यहां आकर इस बात की खुशी हो रही है कि इस संस्था के प्रमुख के लगातार अपने शिक्षकों के साथ मेहनत कर इस आयोजन में सभी बच्चों को पार्टिसिपेट कराया है, उनकी यह मेहनत निश्चित रूप से भविष्य में कोई नया अध्याय रचेगी। विधायक साव ने फन फेयर और एग्जिबिशन की प्रशंसा की

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख एस के सिंह, प्रीति ताम्हणे प्रिंसिपल मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल, थॉमस एंटो प्रिंसिपल भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव, छत्तीसगढ़ की परंपरा व संस्कृति को प्रदर्शित लोक नृत्य कक्षा नवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा पहाड़ी डांस, व बाल दिवस फन डांस प्रस्तुत किया गया। कक्षा चौथी व पांचवी के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न योग मुद्राओं को प्रदर्शित योगा डांस प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की इन प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित पालकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने भारत की अनेकता में एकता, सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत रैंप वॉक विभिन्न रंग बिरंगी पोसाको में प्रस्तुत किया, जो कार्यक्रम की शोभा को और मनमोहक बना दिया।

